ब्रेकथ्रू और महिला स्वरोजगार समिति का अभियान – दे ताली

वीडियो वैन के माध्यम से 20 हजार से अधिक लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य के मुद्दे पर किया जागरुक

वाराणसी 23 मई 2017,मंगलवार ,मानवाधिकार और महिला मुद्दों पर काम करने वाली स्वंयसेवी संस्था ब्रेकथ्रू और महिला स्वरोजगार समिति के किशोर –किशोरियों को शिक्षा व स्वास्थ्य के मुद्‌दे पर जागरूक करने के लिये, शूरू हुआ वीडियो वैन का सफर आज कचनार ब्लाक पर समाप्त हुआ। **दे ताली : बनेगी बात साथ–साथ अभियान** के तहत समुदाय में जागरुकता फैलाने के लिये इस वीडियो वैन का सफर 27 अप्रैल को देउरा ग्राम पंचायत शूरू हुआ था।

इस दौरान वीडियो वैन के माध्यम से आराजी लाइन्स ब्लॉक के 28 ग्राम पंचायत के 49 स्थानो पर व काशी विधापीठ के 20 ग्राम पंचायतों में 36 स्थानों तक पहुंचकर 20 हजार से अधिक लोगों को इस अभियान से सीधे जोड़कर उन्हें किशोर व किशोरियों के शिक्षा व स्वास्थ्य के मुद्‌दे पर जागरुक किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी ईशा दुहान सहित अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख अराजी लाइन नगीना,खंड विकास अधिकारी,सेवापुरी रक्षिता सिंह,बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी,अराजी लाइन, अंजू चौरसिया,खंड विकास अधिकारी,अराजी लाइन हेमंत कुमार सिंह,खंड शिक्षा अधिकारी,आराजी लाइन स्कंद गुप्ता,खंड शिक्षा अधिकारी,काशी विद्यापीठ विनोद गुप्ता मौजूद रहे।

इस अवसर मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी ईशा दुहान ने कहा कि किसी भी देश का भविष्य वहां के किशोर–किशोरियों पर निर्भर करता है,अगर उन्हें बेहतर अवसर मिले तो हो एक बेहतर समाज के साथ ही देश निर्माण में अहम योगदान दे सकते हैं।इस दिशा में यह अभियान स्वागतयोग्य है हमारी अपील है कि अपनी बेटियों का पढ़ाइये उन्हें अवसर दे कर देखिये तो वो आप निराश नही करेगीं।

महिला स्वरोजगार समिति की सचिव रेखा चौहान ने बताया कि विडियो वैन कार्यक्रम 27 अप्रैल 2017 से प्रारम्भ करके कुल 85 स्थानों तक समुदाय स्तर पर लोगों को संवेदित करने का कार्य किया गया, इस दौरान हम 20,579 लोगों तक वीडियो वैन के माध्यम से सीधे पहुंचे और समुदाय को खेल,चंदा पुकारे नाटक व अन्य गतिविधियों के माध्यम से किशोर–किशोरियों के स्वास्थ्य,शिक्षा और इनसे जुड़ें बाल विवाह के मुद्दे पर चर्चा कर उन्हें जागरुक किया। उन्होंने कहा **'रश्मि मैट्रिक पास'** लघु फिल्म देख कर कई पिता अपनी बेटियों को पढ़ाने के लिए प्रेरित हुए।साथ ही समुदाय से कई बेटियां बाहर निकल कर आई जो रश्मी की तरह

पढ़ना चाहती है।उन्होंने कहा कि बाल–विवाह को समाप्त करने और अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए हमें इस दिशा में साथ मिलकर लगातार काम करना होगा।

इस अवसर पर ब्रेकथ्रू की राज्य प्रमुख कृति प्रकाश ने कहा कि देश की 65 फीसदी आबादी युवा है, जिसमें 22 फीसदी संख्या किशोरियों की है, लेकिन शिक्षा व स्वास्थ्य के मुद्दे पर उनकी स्थिती बेहतर नहीं दिखती है। गरीबी, सुरक्षा जैसी वजहों से कम उम्र में शादी उनकी पढ़ाई को तो रोक देती ही है। वही कम उम्र में मॉ बनने की वजह से उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न जैसी परिस्थितियों का भी सामना उनको करना पड़ता है। ऑकड़ों के मुताबिक इतने प्रयासों के बाद भी भारत में 8.52 करोड़ लड़कियों का विवाह 18 साल से पहले हो जाता है। यह सिर्फ किसी संस्था या अधिकारी का मुद्दा नही है,यह हम सभी का मुद्दा है और हमें साथ मिलकर काम करने की जरूरत है।

ब्लाक प्रमुख अराजी लाइन, नगीना ने कहा ने बेटों की तरह बेटियों को भी समान अवसर देने की वकालत की,और कार्यक्रम में अपना सहयोग देने का वादा किया।

ब्रेकथ्रू के बारे में :

ब्रेकथ्रू ,एक मानवाधिकार संस्था है, जो महिलाओं व लड़कियों के खिलाफ होने वाली हिंसा और भेद–भाव को समाप्त करने के लिए, काम करती है।

कला, मिडिया, लोकप्रिय संस्कृति और सामुदायिक भागीदारी से हम लोगो को हम ,एक ऐसी दुनीया बनाने के लिए, प्रेरित कर रहे है, जिसमें हर कोई सम्मान, समानता व न्याय के साथ रह सके।

हम मल्टीमीडिया अभियानों के माध्यम से मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों को मुख्य धारा में ला रहे है। इसे देश भर के व्यक्तियों के लिए, प्रसांगिक बना रहे है। इसके साथ ही हम युवाओं, सरकार अधिकारियों व समुदायिक समुहो को प्रशिक्षण भी देते है, जिससे ,एक नई ब्रेकथ्रू जेनरेशन सामने आए,, जो अपने आस–पास की दुनिया में बदलाव ला सके।

महिला स्वरोजगार समिति के बारे में

महिला स्वरोजगार समिति विगत 17 वर्षो से महिलाओं व किशोरियों के सर्वागीण विकास के लिए, प्रयासरत है, जिससे कि समाजिक न्याय के आधार पर समाज का निर्माण हो, महिलाओं व किशोरियों के हिंसा व भय मुक्त समाज का निर्माण हो सके और समुदाय स्तर पर महिलाएँ व किशोरियॉ इतनी सशक्त हो कि निर्णय ले सके।

अधिक जानकारी के लिए, सम्पर्क करें -

सुश्री रेखा चौहान
सचिव

मनीष कुमार
परियोजन समन्वयक

सम्पर्क : 9415211191

सम्पर्क : 953276811